आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.03.2025 समय : 1905

<><><><><><><><><><><>

- प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में वैश्विक कपड़ा अपशिष्ट संकट पर चर्चा की; उन्होंने इस चुनौती से निपटने के लिए देश में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।
- प्रधानमंत्री का छात्रों से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान शौक पूरा करने और नए कौशल विकसित करने का आग्रह।
- श्री विजयपुरम से भुवनेश्वर के लिए सीधे हवाई यात्रा की सेवा आज से शुरू हो गई है।
- द्वीपसमूह में ईद–उल फितर का त्योहार कल मनाया जाएगा।

<><><><><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि वस्त्र अपशिष्ट यानी टेक्सटाइल वेस्ट की चुनौती पूरी दुनिया के लिए नई चिंता की एक बड़ी वजह बन गया है। उन्होंने कहा कि एक प्रतिशत से भी कम टेक्सटाइल वेस्ट को नए कपड़ों में रिसाइकिल किया जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गर्मी के आते ही शहर–शहर, गांव–गांव पानी बचाने की तैयारी शुरू हो जाती है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि कई राज्यों में जल संचय से जुड़े कामों में नई तेजी आई है। श्री मोदी ने कहा कि जलशक्ति मंत्रालय और कई अलग–अलग स्वयंसेवी संस्थाएँ इस दिशा में काम कर रही हैं और देश में हज़ारों कृत्रिम तालाब, चेक डैम, बोरवेल रीचार्ज और सामुदायिक सोकपिट का निर्माण हो रहा है।

<><><><><><><><><><><>

प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सकारात्मकक कार्य करने की सलाह दी।

प्रधानमंत्री ने युवाओं के लिए माई भारत नामक खास कैलेंडर की चर्चा की, जिसे इस वर्ष की गर्मियों की छुट्टी के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कैलेंडर से कुछ अनूठे प्रयास किए गए हैं। इस कैलेंडर के स्टडी टूर में युवा छात्र जन औषधि केन्द्रों के बारे में जानकारी ले सकते हैं। प्रधानमंत्री ने हाल ही में सम्पन्न खेलो इंडिया पैरागेम्स् में खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन खेलों में इस बार पहले से ज्याोदा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इससे पता चलता है कि पैरा स्पोर्ट्स लोकप्रिय हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की उल्टी गिनती भी शुरू हो चुकी है। योग दिवस का अब 100 दिन से भी कम समय रह गया है। उन्होंने लोगों से योग को अपने जीवन में शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय – 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। प्रधानमंत्री ने फूलों के बारे में भी एक रोचक जानकारी दी।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि गरीब लोगों को सर्वोत्तम इलाज उपलब्ध कराना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा है कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत करोड़ों लोग मुफ्त इलाज की सुविधा ले रहे हैं। श्री मोदी ने आज महाराष्ट्र में नागपुर में माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखते हुए कहा कि जन औषधि केन्द्रों पर गरीबों और मध्य वर्ग के लोगों को सस्ती दवाएं मिल रही है।

<><><><><><><><>

वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, पत्तन प्राधिकरण के निदेशक देवेन्दर यादव ने यह जानकारी दी है कि आज से श्री विजयपुरम से भुवनेश्वर के लिए सीधे हवाई यात्रा की सेवा शुरू हो गई है, यह सुविधा एयर इंडिया एक्सप्रेस की ओर से प्रतिदिन उपलब्ध कराई जाएगी।

<><><><><><><><>

उद्योग विभाग की ओर से प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन पर स्वराज द्वीप के विभिन्न भागो में जागरूकता और सह–प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न विभागों के सहयोग से पी एम ई जी पी और विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताहव्यापी कार्यक्रम की शुरूआत एक अप्रैल से होगी।

<><><><><><><><>

हिंदू नववर्ष आज से शुरू हो गया है। इसे नव–संवत्सर भी कहा जाता है। यह चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ होता है। देश के विभिन्न भागों में इसे अलग–अलग नामों से मनाया जाता है। महाराष्ट्र और गोवा में इसे गुढ़ी पाड़वा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में युगादि, कश्मीर में नवरेह, मणिपुर में सजिबु नोंगमा चेरोबा, असम में बिहू और सिंधी हिंदू चेती चॉंद के रूप में जाना जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ये त्योहार हमारी सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करते हैं और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत में अलग–अलग नाम के ये पर्व पारंपरिक नववर्ष की शुरुआत हैं।

उधर, हिन्दु नव वर्ष के उपलक्ष्य में आज शाम से चिन्मय मिशन के सभागार में पूजा–अर्चना की जा रही है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रात्रि भोज का भी आयोजन किया गया है।

<><><><><><><><>

अण्डमान निकोबार हिलाल समिति की ओर से सूचित किया गया है कि ईद–उल–फितर का त्योहार कल मनाया जाएगा।

<><><><><><><><>

राशन कार्ड लाभार्थियों और उचित मूल्य की दुकान मालिकों को सूचित किया जाता है कि एन डी सी शास्त्री पार्क से मेघराज क्लॉउड्स तक स्मार्ट पी डी एस सिस्टम का माइग्रेशन कल से शुरू हो रहा है। इस कार्य को पूरा होने में करीब तीन से चार दिन लगेंगे। नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान वेब पोर्टल और संबंधित वेब सेवाओं तक पहुंच अस्थाई रूप से अनुपलब्ध रहेगी और लाभार्थियों को राशन वितरण नहीं किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज संघ की ओर से बम्बूफ्लाट जेट्टी पर "चेकमेट ऑन स्ट्रीट्स" शतरंज के दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन  बम्बूफ्लाट ग्राम पंचायत प्रधान के. बाला कृष्ण, प्रधान ने किया। इस अवसर पर बम्बूफ्लाट जेट्टी पर इस खेल को देखने के लिए लोग एकत्र हुए। इस आयोजन ने शतरंज प्रेमियों के बीच सौहार्द को सफलतापूर्वक बढ़ावा दिया और साथ ही इस खेल की क्षमता को उजागर किया जो विभिन्न पीढ़ियों के लोगों को एक साथ लाता है। "चेकमेट ऑन स्ट्रीट्स" का अगला संस्करण पांच अप्रैल को छोलदारी जंक्शन पर होगा।

<><><><><><><>